''मेरा राज्य इस जगत का नहीं''

महासभा के सामने पेशी के समय, यीशु पर परमेश्वर की निंदा का आरोप लगाया गया था (मत्ती 26:65)। न्यायालय के सामने लाए जाने पर, एक नया आरोप लगाना अनिवार्य था। वे कहते थे, ''कि हम ने इसे लोगों को बहकाते और कैसर को कर देने से मना करते, और अपने आप को मसीह राजा कहते हुए सुना है'' (लूका 23:2)। पेशी के दौरान, पीलातुस ने यीशु से पूछा था, ''क्या तू यहूदियों का राजा है?'' यीशु ने उत्तर दिया ''मेरा राज्य इस जगत का नहीं'' (देखिए यूहन्ना 18:33-37)।

सुसमाचार के वृत्तांत मसीह के राज्य की तीन उत्कृष्ट विशेषताएं प्रकट करते हैं जो उसके ऐलान पर ज़ोर देती हैं कि उसका राज्य इस जगत का नहीं है।

सांसारिक राज्य नहीं

मसीह का राज्य इस जगत का नहीं है। यह कोई भौतिक राज्य नहीं है। मसीह सांसारिक राजा नहीं है; इसलिए, वह कैसर का प्रतिद्वंद्वी नहीं था। जैसे पौलुस ने कहा है, ''परमेश्वर का राज्य खाना पीना नहीं'' (रोमियों 14:17)। यीशु ने कहा था, ''परमेश्वर का राज्य प्रकट रूप से नहीं आता'' (लूका 17:20)। इसका स्वभाव आत्मिक है, भौतिक नहीं। यह हजार वर्ष के राज्य की बात का खण्डन करता है।

मसीह के राज्य का स्वभाव इस तथ्य पर भी जोर देता है कि यह पृथ्वी के राज्यों के साथ नहीं मिलता। कलीसिया और राज्य दोनों अलग-अलग हैं; दोनों का आपस में कोई मेल नहीं है। वे पूरी तरह से अलग हैं। कोई व्यक्ति दोनों ही राज्यों का नागरिक हो सकता है। उसे कैसर का सम्मान कैसर को और परमेश्वर का सम्मान परमेश्वर को देना होगा (मत्ती 22:17-21; रोमियों 13:7; 1 पतरस 2:17)।

यीशु के उत्तर की पीलातुस को समझ नहीं आई, जो राज्य को सांसारिक अर्थ में ले रहा था। ''तो क्या तू राजा है?'' उसने पूछा था (यूहन्ना 18:37)। भौतिक अर्थ निकालने वाले के लिए इस राज्य की महान सच्चाइयों का कोई अर्थ नहीं है।

सांसारिक दांवपेच नहीं

मसीह का राज्य इस संसार का इसलिए नहीं है क्योंकि इसमें सांसारिक राज्यों में इस्तेमाल किए जाने वाले दांवपेच नहीं हैं। वास्तव में, इससे सम्बन्धित अधिकतर मामलों में, ईश्वरीय प्रक्रिया सांसारिक बुद्धि के बिल्कुल ही विपरीत है।

इसके राजा का जन्म और उसके घरेलू जीवन की परिस्थितियां संसार की अपेक्षाओं से बिल्कुल ही भिन्न थीं। उसके जन्म का स्थान कितना गुमनाम, कितना नम्र और कितना निम्न था। नगर में प्रवेश के समय उसकी कोई हवेली नहीं थी, बाजे-गाजे नहीं थे, उसके स्वागत के लिए बड़े-बड़े लोग नहीं थे। उस नीच समझे जाने वाले नासरत नामक उस नगर में बढ़ई की छोटी सी दुकान की तस्वीर बनाइए। नतनएल ने अपने समय की सामान्य भावना ही व्यक्त की थी: ''क्या कोई अच्छी वस्तु भी नासरत से निकल सकती है?'' (यूहन्ना 1:46)।

यीशु ने अपने राज्य के शुभारम्भ के लिए कुछ लोगों को चुना। उसने धनियों, दार्शनिकों, राजनेताओं को नहीं, बल्कि साधारण समझे जाने वाले निर्धन लोगों को चुना। शीघ्र ही, संसार का धन, प्रसिद्धि तथा प्रभाव उसके विरुद्ध तैनात हो गए थे (प्रेरितों 4:26, 27)। यीशु द्वारा चुने गए लोग सांसारिक बुद्धि से चुने जाने वाले लोगों से (यदि चुने जाते) कितने भिन्न थे! संसार के दृष्टिकोण से, उन्हें किसी भी प्रकार सफलता नहीं मिली थी।

आइए यरूशलेम में राज्य के आरंभ के दिन पर विचार करते हैं (प्रेरितों 2)। वहां पर प्रेरितों ने अपनी विजय का पहला प्रवचन दिया। अगली आधी शताब्दी तक उनके पीछे-पीछे चलते हुए, हम राई के बीज को पेड़ बनता देखते हैं (मत्ती 13:31, 32)। कितनी अद्‌भुत सफलता है! क्या उनकी शक्ति ''इस जगत की'' थी? वास्तव में, यह शक्ति इस जगत की नहीं थी! उनके प्रयासों के पीछे एक ऐसी सामर्थ थी जो मनुष्य की सोच से ऊपर है। पहली शताब्दी के चेलों की सफलता की व्याख्या का एक ही मान्य तथ्य यह है कि वे जो संदेश सुनाते थे वह ''इस जगत का नहीं'' था। अपनी सफलता के लिए वे उस सामर्थ पर निर्भर थे जो ''इस जगत की नहीं।''

उस राज्य में प्रवेश की क्या शर्तें थीं? इसके आरम्भ के दिन, पतरस ने उन लोगों को जिन्होंने उसके प्रवचन से कायल होकर अपने पाप को मान लिया था, बताया ''मन फिराओ, और तुम में से हर एक अपने-अपने पापों की क्षमा के लिए यीशु मसीह के नाम से बपतिस्मा ले...'' (प्रेरितों 2:38)। निश्चय ही, राज्य में जाने के मार्ग के रूप में विश्वास, मन फिराने और बपतिस्मे का मार्ग सांसारिक बुद्धि ने नहीं सुझाया था। मानवीय बुद्धि बपतिस्मे का सुझाव नहीं देती है! यह तो पहल करके बपतिस्मे का विद्रोह करती है। परन्तु, आरम्भिक चेलों ने इस योजना को न केवल यरूशलेम में, बल्कि हर जगह ठहराया (प्रेरितों 8:12, 38; 9:18; 10:48; 16:31-34; 18:8; 19:5)। यह एक ऐसा राज्य था जो ''इस जगत का नहीं''।

इसके अतिरिक्त, हम आरम्भिक चेलों को एक यादगारी अर्थात राजा की मृत्यु के स्मरण में एक प्रतीक चिह्न के रूप में मनाते देखते हैं। यह एक सामान्य भोज अर्थात प्रभु

भोज था (लूका 22:29, 30; प्रेरितों 20:7; मरकुस 14:22-24): उसकी देह के स्मरण में रोटी और उसके लहू के स्मरण में दाख का रस। क्या ऐसा प्रतीक चिह्न मानवीय बुद्धि बना सकती थी? यह स्पष्ट लगता है कि प्रभु भोज का आरम्भ मनुष्य ने नहीं किया। यह मनुष्य की ओर से नहीं, बल्कि ईश्वर की ओर से है!

पौलुस ने एक महान सिद्धान्त पर टिप्पणी की जो परमेश्वर के कामों में स्पष्ट है:

> परन्तु परमेश्वर ने जगत के मूर्खों को चुन लिया है, कि ज्ञानवानों को लज्जित करे; और परमेश्वर ने जगत के निर्बलों को चुन लिया है, कि बलवानों को लज्जित करे। और परमेश्वर ने जगत के नीचों और तुच्छों को, बरन जो हैं भी नहीं उन को भी चुन लिया, कि उन्हें जो हैं, व्यर्थ ठहराए। ताकि कोई प्राणी परमेश्वर के साम्हने घमण्ड न करने पाए (1 कुरिन्थियों 1:27-29)।

उसने यह भी लिखा, ''क्रूस की कथा नाश होने वालों के निकट मूर्खता है'' (1 कुरिन्थियों 1:18)। मसीह का राज्य बहुत से लोगों के लिए ठोकर की चट्टान है क्योंकि यह उनकी बुद्धि के माप के अनुसार ठीक नहीं बैठा। आइए यह बात सदा याद रखें कि इस राज्य में जो कि ''इस जगत का नहीं'' परमेश्वर ने अपनी ऐसी पसन्द रखी है जो बुद्धिमानों की नज़र में मूर्खता है।

सांसारिक भविष्य नहीं

अन्त में, इस संसार में इस राज्य का सांसारिक भविष्य नहीं है। यह वह राज्य है ''जो अनन्तकाल तक न टूटेगा,'' बल्कि ''सदा स्थिर रहेगा'' (दानिय्येल 2:44)। लूका 1:33 कहता है, ''उसके राज्य का अन्त न होगा।'' इब्रानियों 12:28 में हम पढ़ते हैं ''हम इस राज्य को पाकर जो हिलने का नहीं।'' हिलने वाले राज्यों और अल्पकालिक शक्तियों के बीच, यह जानना सांत्वना देता है कि इस संसार और तत्वों के आग से बहुत ही तप्त होकर पिघल जाने के बाद भी यह राज्य बना रहेगा।

सारांश

यदि आप इस राज्य के नागरिक बनना चाहते हैं तो आप इस सौभाग्य को पा सकते हैं। राज्य में प्रवेश की शर्तें वही हैं जो उस समय थी जब इस राज्य की स्थापना हुई थी। वे शर्तें क्या हैं? जब कोई मसीही बन जाता है, तो उसका प्रवेश इस राज्य में हो जाता है। यीशु ने कहा है कि ''परमेश्वर के राज्य में प्रवेश'' करने के लिए ''जल और आत्मा से'' जन्म लेना आवश्यक है (यूहन्ना 3:5)। अपनी सेवकाई के अन्त में यह घोषणा करके कि ''जो विश्वास करे और बपतिस्मा ले उसी का उद्धार होगा, ...'' (मरकुस 16:16) उसने इसे दूसरे ढंग से कहा।